review the poverty alleviation programme in their areas; and

(b) if so, the details thereof and if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI UTTAMBHAI H. PATEL): (a) and (b) The poverty alleviation programmes are implemented through District Rural Development Agencies (DRDAs) and Zilla Parishads at the district level. The DRDAs/Zilla Parishads are thus in over all charge of the planning, implementation and monitoring of the programmes. MPs and MLAs of the district are members of Zilla Parishads in most of the States and are members of the governing body of DRDA in all States.

**स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के ग्राम**

3776. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के कुछ ग्रामों को स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत लिया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे ग्रामों के नाम क्या हैं और ये किन जिलों में हैं;

(ग) इन ग्रामों में कितनी धनराशि खर्च किए जाने का विचार है; और

(घ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत किन-किन कार्यों को किए जाने का विचार है?

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल):** (क) राज्य क्षेत्र के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम और केन्द्रीय प्रायोजित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत गांवों का चयन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) केन्द्रीय प्रायोजित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को 1992-93 के लिए 2.21 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जिन्हें सरकार द्वारा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिए जाने के बाद रिलीज किया जाएगा।

(घ) घरेलू स्वच्छ शौचालयों का निर्माण और स्वास्थ्य शिक्षा तथा जन-जागरूकता कैम्पों की मार्फत महसूस की गई आवश्यकताओं का सृजन किए जाने का प्रस्ताव है।

**उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला और बाल विकास योजनाएं**

3777. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के कितने जिलों में ग्रामीण क्षेत्र महिला और बाल विकास योजनाएं चल रही हैं;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन जिलों में किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उत्तर प्रदेश के किन-किन जिलों में इन योजनाओं को आरंभ किए जाने का विचार है?

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल):** (क) उत्तर प्रदेश में उन जिलों की संख्या 38 है जहां ग्रामीण महिला तथा शिशु विकास योजना (डबाकरा) कार्यान्वित की जा रही है।

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान ग्रामीण महिला एवं शिशु विकास योजना (डबाकरा) के अंतर्गत लाभान्वित महिलाओं की कुल संख्या और इस्तेमाल की गई निधियां निम्नलिखित हैं:—

| वर्ष | बनाए गए सूमहों की संख्या (संख्या) | इस्तेमाल की गई निधियां (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| 1989-90 | 815 | 118.46 |
| 1990-91 | 1335 | 93.21 |
| 1991-92 | 1345 | 119.39 |

(ग) वर्ष 1992-93 के लिए ग्रामीण महिला एवं शिशु विकास योजना (डबाकरा) के अंतर्गत नए जिलों को शामिल करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से हाल ही में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रस्तावों की जांच की जा रही है और शीघ्र ही संस्वीकृति जारी की जाएगी।

3778. *[Transferred to 18th December, 1992.]*